प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 26.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—भारत सरकार ने डेमोग्राफिक बदलाव पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

2—बिलासपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तबीयत बिगड़ने से छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का निधन।

3—बीजापुर जिले के ईटपाल स्थित एक तेंदूपत्ता गोदाम में आग लगने से करीब दस करोड़ रुपये से अधिक का तेंदूपत्ता जलकर खाक।

4—राज्य में बकरीद का अवकाश कल के बजाय परसों अट्ठाईस मई को रहेगा।

## डेमोग्राफिक बदलाव—समिति

भारत सरकार ने डेमोग्राफिक बदलाव पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में बनी इस समिति में जनगणना आयुक्त के साथ सेवानिवृत्त आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत्त आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और डॉक्टर समिका रवि को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते पंद्रह अगस्त को इस संबंध में घोषणा की थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक तरीके से होने वाले डेमाग्राफिक बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती होता है।

## एनडीए सरकार—बारह साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार को आज बारह वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी, निर्णायक और जनकेंद्रित नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुरक्षा, आत्मविश्वास और विकास के नए युग में प्रवेश किया है।

## मंत्रिमंडल—बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में अब से कुछ देर पहले राज्य मंत्रिमंडल की बैठक मंत्रालय में शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद विमानतल से सीधे मंत्रालय पहुंचे और इस बैठक में शामिल हुए।

## नवा रायपुर–एसईजेड

राज्य शासन ने नवा रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग आधारित दूसरे विशेष आर्थिक क्षेत्र–एसईजेड स्थापित करने को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा दस हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। नवा रायपुर में बनने वाला यह विशेष आर्थिक क्षेत्र राज्य के निर्यात को बढ़ावा देने, नए निवेश आकर्षित करने और छत्तीसगढ़ को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आदर्श शहर समृद्धि योजना

राज्य सरकार ने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के समग्र विकास के लिए 'आदर्ष शहर समृद्धि योजना' शुरू करने की घोषणा की है। योजना के पहले चरण में प्रदेष के बत्तीस नगरीय निकायों का चयन किया गया है। इनमें बस्तर, सरगुजा और रायपुर संभाग के छह–छह तथा बिलासपुर संभाग के नौ और दुर्ग संभाग के पांच निकाय शामिल हैं। इसके तहत सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, परिवहन, पार्क, आवास, ई–गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक और हरित क्षेत्रों सहित नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। योजना के तहत कार्य चयन और निरीक्षण के लिए संभाग स्तरीय समितियों का गठन किया गया है, जिन्हें पंद्रह दिनों में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देष दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री–खरीफ सीजन

प्रदेष में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देष दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ट्रैक्टरों से जुताई और सिंचाई पंपों के लिए किसानों को आवष्यकतानुसार डीजल की सुगम और निर्बाध उपलब्धता सुनिष्चित की जाए, ताकि खेती–किसानी के कार्य प्रभावित न हों। गौरतलब है कि राज्य में पेट्रोल–डीजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रम और जरीकेन में ईंधन वितरण पर लगे प्रतिबंध में किसानों को आवष्यक छूट दी गई है, जिससे खरीफ कार्य बाधित न हों।

## रूपनारायण सिन्हा–निधन

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का आज निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार श्री सिन्हा बिलासपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बिलासपुर के सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपनारायण सिन्हा लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए थे।

उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शोक जताया है।

## राज्यपाल–पीएम जनमन योजना

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत ग्यारह बिंदुओं पर चर्चा की गई। राज्यपाल ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों की सड़कों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कराने को कहा।

## बकरीद–अवकाश

राज्य शासन ने ईद–उल–अजहा यानी बकरीद के अवसर पर घोषित अवकाश में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी कार्यालयों, विभागों और सरकारी संस्थानों में सत्ताईस मई की बजाय अब अट्ठाईस मई को अवकाश रहेगा।

इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने अट्ठाईस मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया है।

## तेंदूपत्ता गोदाम–आगजनी

बीजापुर जिले के ईटपाल स्थित एक तेंदूपत्ता गोदाम में आग लगने से करीब दस करोड़ रुपये से अधिक का तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया है। इस घटना में गोदाम के स्ट्रक्चर को करीब दो से तीन करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी ने बताया कि गोदाम में आठ फड़ में संग्रहित कर रखे गए तेदूपत्ते में कल आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार करीब सत्ताईस हजार चार सौ स्क्वेयर फीट में फैले इस गोदाम में लगी आग पर चौबीस घंटे के बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है।

## अपनापन पुस्तक–विमोचन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन' का कल नई दिल्ली में विमोचन किया गया। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ श्री चौहान के सार्वजनिक जीवन, आत्मीय संबंधों और कार्य अनुभवों पर आधारित है। इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री चौहान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को पुस्तक के माध्यम से समाज तक पहुंचाना एक प्रेरणादायी पहल है।

## डिजिटल अरेस्ट–आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने एक बुजुर्ग महिला को आतंकवादी संगठन से संलिप्तता का डर दिखाकर अलग–अलग खातों में एक करोड़ चार लाख रुपए से अधिक जमा करा लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों द्वारा ठगी के लिए प्रयुक्त नौ सौ अलग–अलग बैंक खातों का पता चला है। इन सभी खातों में कुल मिलाकर तीस लाख रूपये जमा है, जिसे होल्ड करवाया गया है।

## राष्ट्रीय आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उनतीस से इकतीस मई तक राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान

में में आयोजित इस महोत्सव में आम के विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वहीं, प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान आम उत्पादन की नई तकनीकों, प्रसंस्करण और विपणन संबंधी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रदर्शनी हर दिन दोपहर बारह बजे से रात नौ बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

**मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने उनतीस मई से प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इसके असर से अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में लू चलने की चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**
**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

–पेट्रोल–डीजल के बाद अब सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। नई दर आज से लागू हो गई हैं।

–उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में नवनिर्मित मित्र मिलन चौपाटी का लोकार्पण किया।

–राज्य के विभिन्न जिलों में सीएम हेल्पलाइन योजना के संबंध में अधिकारियों को आज प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

–एंटी करप्षन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी में बिजली विभाग में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता और लाइनमेन को साढ़े नौ हजार की रिष्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

–वहीं, बेमेतरा में एसीबी ने जमीन के बटांकन और खाता विभाजन कर ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में रिष्वत मांगने के आरोप में पटवारी को गिरफ्तार किया है।

–अकलतरा पुलिस ने पोस्ट ऑफिस में पदस्थ सहायक डाकपाल को खाताधारकों के खातों से उन्नीस लाख इक्कीस हजार रुपए के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है।

–रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने कोलकाता और हरियाणा में दबिश देकर आई.पी.एल. क्रिकेट मैच में सट्टा लगवाने वाले छब्बीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सत्रह लाख रूपये नगद, चारपहिया वाहन समेत अन्य सामान जब्त किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>